मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-390
**13/11/2024**

# प्रधानमंत्री ने दरभंगा एम्स का किया शिलान्यास, कार्यक्रम में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी हुए शामिल

पटना, 13 नवम्बर 2024 :– प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत की दरभंगा एम्स समेत स्वास्थ्य, सड़क, रेल एवं ऊर्जा क्षेत्र की 25 विकास परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से भूमि पूजन, शिलान्यास, लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने दरभंगा के शोभन में भूमि पूजन कर दरभंगा एम्स का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर झंझारपुर–लौकहा रेल लाइन में 2 जोड़ी मेमू ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में आप सब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में उपस्थित हैं, इसके लिये मैं आप सबका अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं। आपलोग आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को देखने के लिए, उनकी बातों को सुनने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं, यह बड़ी खुशी की बात है। आज के कार्यक्रम में यहां उपस्थित होने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का मैं स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं। आज प्रधानमंत्री जी के द्वारा दरभंगा एम्स का शिलान्यास किया जा रहा है, यह हम सबके लिये महत्वपूर्ण अवसर है। दरभंगा में एम्स बन जाने से लोगों को काफी अच्छी चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी और इलाज कराने में काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में पहली बार पटना में एम्स के निर्माण का निर्णय लिया गया था जो अब काफी अच्छे ढंग से बन गया है। यहां पर काफी लोग इलाज कराने जाते हैं। दूसरी बार भी वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासनकाल में ही यह तय हो गया था कि बिहार में एक और एम्स बनेगा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी से भी हम मिले थे और उनसे कहा था कि पटना में एक एम्स हो गया है और अब दूसरी जगह दरभंगा में एक और एम्स बनना चाहिए। हम सबलोगों को शुरू से ही कहते रहे कि बिहार में दो एम्स का निर्माण होना चाहिए। वर्ष 2019 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा जी जब पटना आए थे तो हम उस समय भी उनसे आग्रह किए कि आप इसको जल्दी से बनवाइए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की पहले इच्छा थी कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को ही एम्स के रूप में स्वीकार कर लिया जाय लेकिन उसमें दिक्कत होने पर फिर दूसरी जगह एम्स बनाने का निर्णय लिया गया। आपलोग आज जहां पर बैठे हुए हैं इसी जगह को दरभंगा के जिलाधिकारी द्वारा एम्स के निर्माण के लिए चुना गया है। हम जब यहां पर आये और देखे तो बोले कि यह जगह दरभंगा, एम्स के निर्माण के लिए बहुत अच्छी है। अब यहां पर राज्य सरकार द्वारा रास्ते का चौड़ीकरण कराया जाएगा ताकि यहां आने–जाने में काफी सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स बन जाने से शहर का बहुत विस्तार होगा। सबलोगों को इलाज के लिए यहां पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह बड़ी खुशी

की बात है कि आज यहां पर प्रधानमंत्री जी दरभंगा एम्स का शिलान्यास करने आए हैं। मैं उनका अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं। राज्य सरकार द्वारा दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भी विस्तार किया जा रहा है। यह पटना के पी0एम0सी0एच0 के बाद दूसरा सबसे पुराना अस्पताल है। अब यहां पर 2500 बेडों की व्यवस्था रहेगी जिससे मरीजों को इलाज में आसानी होगी। पटना के पी0एम0सी0एच0 का भी विस्तार किया जा रहा है, इसे विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है ताकि लोगों को इलाज में और सहूलियत हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों को बहुत खुशी है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी यहां पधारे हैं। हमलोग जैसा एक्स के निर्माण के बारे में सोचे हैं मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार की देखरेख में एम्स का निर्माण काफी अच्छे ढंग से होगा। मैं यहां उपस्थित आपलोगों से अनुरोध करूंगा कि आपसब प्रधानमंत्री जी के स्वागत में हाथ उठाइए और उनका अभिनंदन करें। यह बहुत खुशी की बात है कि आज प्रधानमंत्री जी खुद इसका शिलान्यास कर रहे हैं। दरभंगा एम्स के निर्माण में राज्य सरकार पूरे तौर पर केंद्र सरकार को सहयोग करेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

******